भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3665

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

दधीचि कुंड और नैमिषारण्य-मिश्रिख स्थलों का विकास

3665. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा महर्षि दधीचि की तपस्थली (दधीचि कुंड) और नैमिषारण्य-मिश्रिख तीर्थस्थल को एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए कोई सर्वेक्षण कराया गया है;

(ख) यदि हां, तो अब तक इस उद्देश्य के लिए जारी किए गए बजट सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार की ऐसे तीर्थस्थल को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने की कोई योजना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटक गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद), स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 20 (एसडी 20), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) जैसी अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत पर्यटन से जुड़े अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

नैमिषारण्य और मिश्रिख सहित उत्तर प्रदेश राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री अशोक कुमार रावत द्वारा दधीचि कुंड और नैमिषारण्य-मिश्रिख स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3665 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	2015-16	वाराणसी का विकास - चरण-I	18.73	18.73	पूर्ण
2.	2014-15	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	10.98	10.98	पूर्ण
3.	2017-18	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02	9.02	पूर्ण
4.	2014-15	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	9.36	9.36	पूर्ण
5.	2017-18	वाराणसी का विकास - चरण-II	44.60	31.77	भौतिक रूप से पूर्ण
6.	2018-19	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	37.59	30.97	भौतिक रूप से पूर्ण

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	बौद्ध 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89	68.43	पूर्ण
2.	रामायण 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45	56.03	पूर्ण
3.	आध्यात्मिक 2016-17	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ -	71.91	69.63	पूर्ण

		कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास			
4.	आध्यात्मिक 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	67.51	63.62	पूर्ण
5.	विरासत 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65	36.65	पूर्ण
6.	रामायण 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21	113.22	पूर्ण
7.	आध्यात्मिक 2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03	11.43	पूर्ण
8	आध्यात्मिक 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30	18.12	पूर्ण

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	05.03.2024	17.8	-	भौतिक प्रगति 0.00% है
2.	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	05.03.2024	14.52	1.45	भौतिक प्रगति 12.45% है

उत्तर प्रदेश में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	महोबा (संस्कृति एवं विरासत)	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	27.03.2023	24.98	2.50	भौतिक प्रगति 11.14% है

*****